डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज
गुरुवार
11 जनवरी 2023


रेल लाइन से सीधे जुड़ेगा औरंगाबाद जल्द शुरू होगा कार्य: सांसद
2



## कांग्रेस ने ठुकराया राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता

- कांग्रेस का आरोप- चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा अर्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस पार्टी ने 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता ठुकरा दिया है। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत कांग्रेस के तमाम बड़े नेता अयोध्या नहीं जाएंगे। पिछले महीने राम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण मिला था।

इस संबंध में कांग्रेस पार्टी की ओर से एक वक्तव्य जारी किया गया है। इस वक्तव्य में यह कहा गया है कि बीजेपी और आरएसएस ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजना बना दिया है। एक अर्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस ने वक्तव्य में कहा कि भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं। धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय होता आया है, लेकिन बीजेपी और आरएसएस ने राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजना बना दिया है। 2019 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकर करते हुए एवं लोगों की आस्था के सम्मान में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी बीजेपी और आरएसएस के इस आयोजन को निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं।

## यूरोप से लेकर अमेरिका तक श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम

- राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विदेशों में भी उत्सव का माहौल
- पेरिस में 21 जनवरी को निकाली जाएगी राम रथ यात्रा
- एफिल टावर से लेकर टाइम्स स्क्वायर तक हिंदू आस्था के उत्सव की तैयारी

**केटी न्यूज/अयोध्या**



अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के भव्य शुभारंभ और श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सिर्फ उत्तर प्रदेश और देश में ही नहीं, बल्कि यूरोप से लेकर अमेरिका तक धूम है। रामोत्सव को लेकर उत्तर प्रदेश में जो तैयारी शुरू हुई थीं, वो अब धीरे-धीरे पूरे देश और विदेशों तक पहुंच रही हैं। इस आयोजन को लेकर पूरी दुनिया में उत्सव का माहौल बन चुका है। ये उत्सव अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक देखने को मिलेंगे। फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही एफिल टावर के पास उत्सव मनाया जाएगा। अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर भूमि पूजन की तर्ज पर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन व दीपोत्सव के आयोजन का फैसला लिया गया है। यही नहीं, अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैली का आयोजन किया जा रहा है।

### एफिल टावर पर बड़े पैमाने पर उत्सव का आयोजन

हिंदुओं के आराध्य भगवान राम के मंदिर की स्थापना की खुशी में 21 जनवरी 2024 को पेरिस में राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर पेरिस में रहने वाले अविनाश मिश्रा नाम के यूजर ने राम रथ यात्रा के बारे में डिटेल साझा की है। उन्होंने लिखा है, 'फ्रांस में रहने वाले हम भारतीय पूरे पेरिस में राम रथ यात्रा और एफिल टावर पर बड़े पैमाने पर उत्सव का आयोजन करके अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर शामिल होंगे। जबकि पेरिस में रहने वाले राम भक्तों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का अनुरोध भी किया है। उनकी इस पोस्ट को राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ने भी रीट्वीट किया और लिखा कि अयोध्या में जन्मस्थान पर भगवान श्री रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना सभी रामभक्तों के लिए एक आशीर्वाद है।

### टाइम्स स्क्वायर पर प्राण प्रतिष्ठा की लाइव स्ट्रीमिंग

हिंदू मंदिर एमपावरमेंट काउंसिल ने नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन व दीपोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया है। विगत कई हफ्तों में वाशिंगटन, शिकागो और दूसरे अमेरिकी शहरों में राम मंदिर के जश्न में कार रैलियां निकाली गई हैं। आयोजकों ने अब कैलिफोर्निया में कार रैली निकालने की योजना बनाई है। उनका कहना है कि वे अयोध्या नहीं आ सकते हैं, लेकिन भगवान राम उनके दिलों में हैं और उनकी घर वापसी में उनकी अटूट श्रद्धा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर पर भी किया जाएगा। अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम ने कहा है कि अगर हम न्यूयॉर्क शहर में हिंदु समुदाय को देखें तो यह कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण है। यह उन्हें जश्न मनाने और अपनी आध्यात्मिकता को ऊपर उठाने का मौका देता है।

### दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में बड़े कार्यक्रम का आयोजन

विश्व हिंदू परिषद ने भी कई देशों में आयोजन की रूपरेखा तैयार की है। इसके अनुसार दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन स्थानों पर कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक जगहों पर प्राण प्रतिष्ठा लाइव टेलीकास्ट की जाएगी। अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी जैसे 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया गया है। विहिप के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग रहते हैं, वहां विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ आदि की लाइव स्ट्रीमिंग की तैयारी है।

### वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में शामिल हुए पीएम मोदी, बोले...

## भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनकर रहेगा

- पीएम मोदी बोले- हमारा लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है
- कहा- बीते 10 सालों में भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव दिखा है

**एजेंसी/गांधीनगर**



गुजरात में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 में दुनिया के कई देश शामिल हुए. इसके साथ ही भारत के एक से बढ़कर एक बड़े कारोबारी ग्रुप्स और अरबपतियों ने इसमें शिरकत की और निवेश का ऐलान किया। इस समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निवेशकों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत के कोने-कोने में आपके लिए अवसर मौजूद हैं। इसके साथ ही उन्होंने अर्थव्यवस्था पर भरोसा जताते हुए कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनकर रहेगा और ये मोदी' की गारंटी है। वाइब्रेंट ग्लोबल गुजरात समित में संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि फूड पार्क पर भारत यूएई में करार हुआ है, इसके अलावा भी कई अरब डॉलर के नए निवेश समझौतों पर भी सहमति बनी है। पीएम मोदी के मुताबिक, भारत और यूएई के बीच संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और दोंनों देशों ने जिस तरह अपने रिश्तों को नई ऊंचाई दी है, उसका बड़ा श्रेय शेख मुहम्मद बिन जायद को जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। बीते 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने आंकड़े गिनाते हुए कहा कि 10 साल पहले इंडियन इकोनॉमी 11वें नंबर पर थी, लेकिन अब 5वें पायदान पर पहुंच गई है। दुनिया की रेटिंग एजेंसियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर भरोसा जताया है और इसके जल्द दुनिया की तीसरी इकोनॉमी बनने का अनुमान जाहिर किया है। पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा होकर रहेगा और ये 'मोदी' की गारंटी है।

गेटवे टू द फ्यूचर की थीम पर आयोजित वाइब्रेंट ग्लोबल गुजरात समिट 2024 को संबोधित करते हुए पीए मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में विश्व के लिए नई किरण बनकर उभरा है। हमारा फोकस फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमी कंडक्टर्स जैसे अहम सेक्टर्स पर है। वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों, लेकिन भारत तेजी से ग्रोथ कर रहा है। इसके पीछे बड़ी वजह है कि स्ट्रक्चरल रिफॉर्म पर हमारा फोकस है, जिसने भारत को आगे बढ़ाने में अहम रोल निभाया है। इसके साथ ही इन्वेस्टमेंट के लिए भी देश में लगातार नए अवसर बन रहे हैं।

### अडानी ग्रुप ने की दो लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा

अडानी ग्रुप ने गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा की है। ग्रुप मुख्य रूप से ग्रीन एनर्जी सेक्टर में इन्वेस्ट करेगा। इसमें मुख्य रूप से एक ग्रीन एनर्जी पार्क का निर्माण शामिल है जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने वाइब्रेंट गुजरात समिट में कहा कि इस निवेश से गुजरात में एक लाख नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। इस बीच सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने बुधवार को कहा कि मारुति सुजुकी इंडिया गुजरात में अपना दूसरा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए 35,000 करोड़ का निवेश करेगी। इस प्लांट की क्षमता सालाना 10 लाख यूनिट होगी। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। मुकेश अंबानी ने कहा कि जब पीएम मोदी बोलते हैं तो पूरी दुनिया सुनती है। कहा कि गुजरात वाइब्रेंट समिट का आयोजन मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान से ही हो रहा है। कहा, मैं भारत के 'प्रवेश द्वार' के शहर मुंबई से आधुनिक भारत के विकास के 'प्रवेश द्वार' गुजरात तक आया हूं। मुझे गुजराती होने पर गर्व है, जब विदेशी लोग नए भारत के बारे में सोचते हैं, तो वे नए गुजरात के बारे में भी सोचते हैं। यह बदलाव कैसे हुआ? इस बदलाव की वजह एक नेता हैं, इस नेता का नाम पीएम मोदी है, जो भारत के इतिहास में सबसे सफल पीएम हैं।

### मंत्री श्रवण कुमार बोले- श्रीराम को हाईजैक कर रहे हैं बीजेपी के लोग

**पटना।** बिहार में महागठबंधन में सीट बंटवारे पर जदयू ने एक बार फिर बयान दिया है। सीट शेयरिंग पर जदयू नेता सह मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि विलंब हो रहा है। लेकिन ठीक से हो जाए। ऐसी कोशिश सब लोगों को करनी चाहिए, जो विलंब हो रहा है। उससे थोड़ी दिक्कत हो रही है। इसका हल निकालना चाहिए। बड़े नेताओं का इंगेजमेंट रहता है । लेकिन, सीट शेयरिंग के मसले को प्राथमिकता से करना चाहिए। जिसको जिस दल से बैठकर बात करनी है करें। विलंब हो रहा है। लेकिन इसका कारण कौन है। ये कहना मुश्किल है'

राम मंदिर उद्घाटन में जाने को लेकर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि भाजपा वाले राम को हाई जैक करने लगे हैं। धर्म को हाई जैक करने लगे हैं। चुनाव समाप्त होने के बाद कोई भाजपा वाले मंदिर नहीं जाने वाले हैं। बीजेपी नेता मोहन यादव के बिहार दौरे पर श्रवण कुमार ने कहा है कि बिहार में लोकतंत्र है। लोकतंत्र में कोई कहीं भी जा सकते हैं। प्रचार कर सकते हैं। मकर संक्रांति के बाद सियासत में फिर बदलाव के सवाल पर श्रवण कुमार ने दो टूक कहा है कि इंडी गठबंधन में रहकर काम कर रहे हैं। आगे कहीं जाने की बात नहीं है। इंडी गठबंधन में 1 के खिलाफ 1 हीं उम्मीदवार लड़ेंगे। कोई बदलाव नहीं होने वाला है। 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश में छुट्टी की घोषणा पर श्रवण कुमार ने कहा है कि उतर प्रदेश के मॉडल पर बिहार नहीं चलता है। बिहार के मॉडल पर देश चलता है। प्रधानमंत्री मोदी को भी कहना पड़ता है कि नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के ऊपर जो काम किया है। उसका जोड़ा देश में नहीं है। कोई राज्य नहीं कर सकता है।

## उद्धव गुट को झटका... एकनाथ शिंदे ही रहेंगे महाराष्ट्र के सीएम

- महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने 16 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग को किया खारिज


**एजेंसी/मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पिछले काफी महीनों से चर्चा का विषय इस मामले में अपना फैसला सुना दिया। सवा घंटे तक तमाम कानूनी पहलुओं और फैसलों का उल्लेख करने के बाद उन्होंने उद्धव गुट की उस मांग को खारिज दिया है, जिसमें सीएम शिंदे समेत 16 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की गई थी। नार्वेकर के फैसले के बाद शिंदे सीएम की कुर्सी पर बरकरार रहेंगे तो वहीं उद्धव ठाकरे को बड़ी हार मिली है।

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने न सिर्फ उद्धव गुट की अपील खारिज की बल्कि पार्टी प्रमुख के तौर उनके द्वारा लिए गए फैसलों पर भी सवाल खड़े किए। नार्वेकर ने कहा कि शिवसेना (एकीकृत) के संविधान के मुताबिक शिवसेना अध्यक्ष (उद्धव ठाकरे) को शिंदे को नेता पद से हटाने का हक नहीं था। नार्वेकर ने अपने फैसले में पार्टी का संविधान क्या कहता है?, नेतृत्व किसके पास था?, विधानमंडल में बहुमत किसके पास था? को मुख्य आधार बनाया। इन सवालों का जवाब खोजने के लिए उन्होंने चुनाव आयोग के रेकॉर्ड को सही माना। इसके बाद उन्होंने शिंदे के साथ अलग हुए शिवसेना के 16 विधायकों को अयोग्य घोषित करने से इंकार करते हुए उद्धव ठाकरे की अपील खारिज कर दी। शिवसेना के 16 विधायकों की अयोग्यता के मामले में फैसला लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने नार्वेकर को 10 जनवरी की डेडलाइन दी थी।

### ललन सिंह बोले, सीट शेयरिंग को लेकर चल रही है बात

**पटना।** 'इंडिया' गठबंधन में जेडीयू को लेकर कहा जा रहा है कि सीटिंग सीट छोड़ने को तैयार नहीं है। इस पर जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने बुधवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अभी तो जो सीटिंग सीट है, सीट का बंटवारा जब होगा तब सब कुछ पता चल जाएगा। घटक दल के साथ सीट शेयरिंग की बात होगी। बातचीत चल रही है। जीतन राम मांझी ने कहा था खरमास के बाद खेला होगा। इस पर ललन सिंह ने कहा कि उनको गंभीरता से मत लीजिए। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में लोकसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे का मामला सुलझ नहीं सका है। जेडीयू जहां जल्दी सीट बंटवारे को लेकर सख्त नजर आ रही है, वहीं, कांग्रेस इत्मीनान है। जेडीयू के प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से लेकर कई नेता जल्दी सीट बंटवारे को लेकर आगे बढ़ने की बात कह चुके हैं।




### आज पर्यटन मंत्री करेंगे महोत्सव का शुभारंभ, शनिवार को मुख्य अतिथि होंगे सीएम योगी

## गोरखपुर महोत्सव की प्रस्तुतियों में दिखेगी रामोत्सव की छटा

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीरामोत्सव की छटा, 11 जनवरी से होने जा रहे गोरखपुर महोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भी दिखेगी। मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अधिकांश प्रस्तुतियां भगवान श्रीराम पर केंद्रित नजर आएंगी। महोत्सव का उद्घाटन कल गुरुवार को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह करेंगे जबकि 13 जनवरी को इसके औपचारिक समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे।

22 जनवरी को अयोध्या के नव्य-भव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीरामोत्सव का उल्लास पूरे देश में छाया हुआ है। श्रीराम मंदिर को लेकर हुए आंदोलन को निर्णायक दिशा देने वाली गोरक्षपीठ की धरा पर तो इस उल्लास के रंग और चटक हो रहे हैं। गोरखपुर के सांसद और मशहूर सिने स्टार रविकिशन शुक्ल का कहना है कि गोरखपुर महोत्सव का आयोजन भी इसी राममय समय में हो रहा है। ऐसे में चंपा देवी पार्क मैदान में हो रहा यह महोत्सव ज्ञान, मनोरंजन के साथ रामोत्सव के रंग में भी सराबोर होने जा रहा है। महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के इतिहास पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। इस प्रदर्शनी में श्रीराम मंदिर आंदोलन और गोरक्षपीठ की भूमिका भी स्वाभाविक रूप से नजर आएगी। चूंकि इस समय पूरे देश में श्रीराम पर आधारित गानों, भजनों की धूम मची हुई है, लिहाजा गोरखपुर महोत्सव में भी स्थानीय से लेकर विख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां राममय ही रहने की उम्मीद है। पहले दिन योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नाटक 'राम की लीला' और 'लोकनायक तुलसीदास' का मंचन भी श्रीराम के रंग में रंगा होगा।

### मंदिर के निमित्त सौंपा गया 2400 किलो का घंटा



**अयोध्या।** एटा के जलेसरवासियों की तरफ से बुधवार को राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट को 2400 किलो का घण्टा सौंपा गया। दावा किया जा रहा है कि एक ही ढलाई में बने इस घंटे की आवाज दस किलोमीटर तक जाएगी। इसके साथ ही इक्यावन किलो के सात और घंटे भी सौंपे गए। पांच सौ रामभक्तों के साथ अयोध्या आए आदित्य मित्तल, मनोज, रिशांक, प्रशांत मित्तल आदि पहुंचे। इन लोगों ने कारसेवकपुरम पहुंचकर मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र, राजेन्द्र सिंह पंकज आदि को सभी घंटे मंदिर के निमित्त सौंपे।

### महोत्सव का पहला दिन

- पर्यटन मंत्री द्वारा उद्घाटन : पूर्वाह्न 11 बजे।
- शिंजिनी कुलकर्णी का शास्त्रीय नृत्य : दोपहर 1 बजे।
- सबरंग : अपराह्न 2:30 बजे से 6 बजे तक।
- सुरभि सिंह का सूफी शास्त्रीय नृत्य : शाम 6 से 7 बजे तक।
- बी प्राक का बॉलीवुड नाईट: शाम 7 बजे से।

(ये सभी कार्यक्रम महोत्सव के मुख्य मंच, चंपा देवी पार्क मैदान में होंगे)

- नाटक लोकनायक तुलसीदास : शाम 5 बजे से बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में।
- नाटक राम की लीला : शाम 6 बजे से बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में।

# रेल लाइन से सीधे जुड़ेगा औरंगाबाद, जल्द शुरू होगा कार्यः सांसद

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन का काम शीघ्र प्रारंभ होगा और इसके प्रथम चरण में औरंगाबाद से अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन तक रेल लाइन का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इससे औरंगाबाद जिला मुख्यालय रेल लाइन से सीधे तौर पर जुड़ जाएगा। यह बात सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री अमृत भारत योजना के तहत अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर नवनिर्मित लिफ्ट का उद्घाटन समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि गया से



चेन्नई और बेंगलुरु तक सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने के संबंध में रेल मंत्री से मिलकर आग्रह करेंगे। सांसद ने कहा कि जन सुविधाओं को ध्यान में रखकर लगभग 14 से 15 करोड़ रुपये की लागत से लिफ्ट सेवा बहाल होने से बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांग यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।

सांसद ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में स्टेशनों पर निरंतर यात्री सुविधा के विस्तार के क्रम में अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक व दो पर नए लिफ्ट का निर्माण किया गया है। लिफ्ट की आधुनिक सुविधा हो जाने से अब इस स्टेशन पर यात्रियों विशेषकर दिव्यांग जन व बुजुर्गों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आवागमन में काफी सहूलियत होगी। लिफ्ट से एक बार में दस से बारह यात्री आ जा सकते हैं। यहां विभिन्न ट्रेनों की ठहराव है। कहा कि इस प्लेटफार्म की चौड़ाई 12 मीटर होगी, जिस पर दुकानें भी खुलेंगी, जो बेरोजगारों को प्रदान की जाएंगी। यहां तीन लिफ्ट होंगे। पार्किंग की भी बेहतर सुविधाएं होंगी। इस रेलवे स्टेशन के विकास के लिए पूर्व डीआरएम पंकज सक्सेना एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की थी, ताकि देश भर से आने वाले लोगों को जिले के देव स्थित प्रसिद्ध भगवान भास्कर मंदिर दर्शन के लिए सहूलियत हो। कहा कि औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के तीन स्टेशन के विकास के लिए निर्धारित राशि 14 से 15 करोड़ रुपए से अधिक खर्च आयेंगे तो वह बढ़ाई जाएंगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन ने कहा कि डीडीयू मंडल के अंतर्गत आठ संसदीय क्षेत्र आते हैं जिसमें कुल - 15 स्टेशनों का चयन हुआ है जिसमें तीन स्टेशन सांसद सुशील कुमार सिंह के क्षेत्र में ही आता है। औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज एवं गुरारू में युद्ध स्तर पर विकाश के कार्य शुरू हैं।

## जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला मोड़ की घटना, सीसीटीवी में हुई कैद

# महाराष्ट्र से बिहार को निकले भोजपुर के ट्रक चालक की गोली मारकर हत्या

- कार सवार अपराधियों द्वारा झगड़े के बाद चालक को मारी गयी गोली
- इलाज के लिए बिक्रमगंज स्थित अस्पताल ले जाने के दौरान तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**

जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला मोड़ के समीप बुधवार की सुबह कार सवार अपराधियों द्वारा महाराष्ट्र से बिहार के लिए निकले ट्रक चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। गोली उसके दाहिने कान के पास मारी गयी है। इलाज के लिए रोहतास जिले के बिक्रमगंज स्थित निजी अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत चालक मूल रूप से भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना गांव निवासी दिनेश शाह उर्फ दसई साह का 29 वर्षीय पुत्र राकेश शाह था। वह कुछ सालों से महाराष्ट्र के रायगढ़ एफ 448 पेंधार नवादा सिकन्नल पेंधार घोट में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। वहीं पर ट्रक चलाता था।

हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वैसे परिजनों की ओर से बिहार के ही कुछ लोगों से पूर्व के विवाद में हत्या किये जाने का आरोप लगाया जा रहा है। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी है। उसमें कुछ लोगों को कार से उतर कर चालक के साथ झगड़ा करते देखा जा रहा है। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह और थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। पुलिस अपराधियों की पहचान करने को लेकर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बाद में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उस दौरान उसकी शव से एक बुलेट बरामद किया गया है। चालक के पिता दिनेश साह उर्फ दसई साह ने बताया कि महाराष्ट्र में पूर्व में बिहार के रहने वाले कुछ लड़कों से किसी बात को लेकर राकेश का झगड़ा हुआ था। उसी को लेकर उन लड़कों से उसका विवाद चल रहा है। सोमवार को उसने अपने पत्नी से ट्रक लोड कर बिहार जाने की बात कह महाराष्ट्र स्थित घर से निकला था। जबकि उसका ट्रक महाराष्ट्र में खड़ा है। इस बीच बुधवार की सुबह नयका टोला मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर के समीप उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई।



### आरा के बदले एंबुलेंस से चालक को भेज दिया गया बिक्रमगंज

बताया जा रहा है कि कार पर सवार अपराधियों द्वारा चालक को गोली मारे जाने के समय बिक्रमगंज के एक निजी हॉस्पिटल का एक एंबुलेंस कुछ दूरी पर खड़ा था। गोली लगने के बाद कुछ लोगों द्वारा उसे इलाज के लिए एंबुलेंस पर लिए आरा ले जाने को कहा गया। लेकिन एंबुलेंस चालक उसे बिक्रमगंज लेकर चला गया। वहां इसे मृत घोषित कर दिया गया। चालक के पिता दिनेश साह उर्फ दशई साह ने बताया कि उसे सूचना मिली कि नयका टोला के पास उनके बेटे को गोली मारी गयी है और इलाज के लिए जगदीशपुर के दुलौर अस्पताल ले जाया जा रहा है। उस पर वह तत्काल दुलौर अस्पताल पहुंचे, लेकिन वह वहां नहीं था। कुछ देर बाद पीरो रोड में एंबुलेंस चालक से भेंट हुई और उन्होंने देखा कि उनका बेटा मृत अवस्था में एंबुलेंस में पड़ा है। दिनेश साह उर्फ दसई साह ने बिहार के ही कुछ लड़कों पर पूर्व में झगड़े को लेकर अपने बेटे की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

### पत्नी बोली: अवैध संबंध का आरोप लगा गड़हा गांव के लड़कों ने की थी मारपीट

इधर, चालक की पत्नी पूनम देवी ने बताया कि तीन दिन पूर्व उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गड़हा गांव के एक व्यक्ति अन्य लोगों के साथ महाराष्ट्र आये थे और उनके पति के साथ मारपीट की थी। उनका उक्त कहना था कि उसके पति का उनकी पत्नी से बात करते हो। उनके द्वारा कहा जा रहा था कि उसकी पत्नी से उनके पति का अवैध संबंध है। हालांकि उसे दिन बात खत्म हो गई थी। सोमवार को उनके पति ने कहा कि ट्रक लोड कर तीन दिन के लिए बाहर जा रहे हैं। उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटे। बुधवार की सुबह उन्हें सूचना मिली के उनके पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

## कच्चा चावल खाने से दर्जन भर छात्राओं की तबीयत बिगड़ी

- अंबेडकर आवासीय उच्च विद्यालय की घटना
- छात्राओं का सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

नगर थाना क्षेत्र में डीटी रोड स्थित राजकीय अंबेडकर आवासीय उच्च विद्यालय में कच्चा चावल खाने से दर्जन भर छात्राओं की तबीयत बिगड़ गयी। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना के बाद अफरातफरी मच गयी। बीमार छात्राओं में नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा निवासी शिव प्रसन्न सिंह की पुत्री प्रियंका कुमारी,पटना जिला के पुनपुन थाना



क्षेत्र के कमलापुर गांव निवासी सिंटू मांझी की पुत्री खुशबू कुमारी,बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी संतोष राम की पुत्री प्रियांशु कुमारी,उसी विद्यालय की विक्की कुमारी,अंजली कुमारी,अर्चना कुमारी एवं रजनी कुमारी शामिल है। इनमें प्रियंका कुमारी व प्रियांशु कुमारी आठवीं,अंजली कुमारी चौथी, रजनी कुमारी सातवीं,अर्चना कुमारी नवी एवं खुशबू कुमारी दूसरी कक्षा में पढ़ती है। छात्रा अनु कुमारी ने बताया कि जीविका दीदी से उन लोगों का खाना आता है। मंगलवार की रात ग्यारह बजे सभी बच्चों ने खाने में चावल खाया था और वह चावल कच्चा था। उसी चावल को खाने से बुधवार की सुबह सभी छात्राओं की हालत काफी गंभीर हो गई। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। अनु कुमारी की ओर से राजकीय अंबेडकर आवासीय उच्च विद्यालय में कच्चा खिलाने के कारण सभी छात्राओं का तबीयत बिगड़ने का आरोप लगाया है। आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव पासवान ने बताया कि खाना बनाने वाले से कुछ गलतियां हुई थीं। उसे ठीक कर लिया गया था। घर में भी बनाते समय कभी-कभार थोडा कच्चा पक्का रह जाता है। सभी की स्थिति फिलवक्त ठीक है।

### शॉर्ट सर्किट के कारण बंद घर में लगी आग

जहानाबाद। हुलासगंज बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक बंद घर से अचानक धुआं निकलने लगा। आसपास के लोगों ने जब घर से धुआ निकलते देखा तो इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दिया गया फायर ब्रिगेड का दो गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि सूरजपुर गांव निवासी राज किशोर सिंह का हुलासगंज बाजार में एक मकान है उस मकान में धान लगा हुआ नेवारी लगभग 5000 रखा हुआ था, बुधवार को दोपहर शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई, जिसके कारण 50000 रुपए का धान जलकर नष्ट हो गया।

## खबरें फटाफट

### चोरी के आरोप में दो लोगों की धुनाई

**जहानाबाद।** जहानाबाद में बीच सड़क पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कुछ लोगों ने चोरी का आरोप लगाकर दो लोगों को पकड़र जमकर धुनाई कर दी। किसी तरह पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को ग्रामीणों से छुड़ाया। बताया जाता है कि निजामुद्दीन पुर मोहल्ले में बीती रात शैलेंद्र कुमार के टेंपो से चोरों ने बैटरी चुरा लिया था। वहीं विवेक के घर से समरसेबल मोटर चोरों ने चुरा लिया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसी आधार पर मुहल्ले के लोगों ने उक्त दोनों युवकों को पकड़कर उनकी जमकर धुनाई कर दी। इस घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर किसी तरह मोहल्ले वासी से दोनों चोरों को छुड़ाया। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों लोग निजामुद्दीन पर मोहल्ले के वीरू कुमार एवं आकाश कुमार बताए जाते हैं।

### सत्संग में गया था पति, दुपट्टे से लटका मिला पत्नी का शव

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के डुमरा पंचायत अंतर्गत बेलाई गांव की महिला का फांसी लगाने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना मंगलवार को देर रात की बताई जा रही है। मृतका की पहचान राजकिशोर भुइयां की पत्नी पिंकी देवी के रूप में हुई है। इस मामले में मृतका की मां गीता देवी ने अंबा थाना में अपने दामाद राजकिशोर भुइयां पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं राजकिशोर भुइयां ने बताया कि मंगलवार की शाम पत्नी के साथ मामूली विवाद हुई थी। इसके पश्चात वह अपने गांव में हो रहे यीशु मसीह के सत्संग में शामिल होने चला गया। जब वह देर रात वापस घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद था। बहुत देर तक दरवाजा खटखटाने पर जब उसकी पत्नी ने दरवाजा नहीं खोला तब परिजन और आसपास के लोगों को इकट्ठा कर दरवाजा तोड़ा गया। उसने बताया कि घर के अंदर जाने पर देखा कि उसकी पत्नी की लाश दुपट्टे के फंदे के सहारे छत से लटकी हुई है।

## एक नजर

### 10 सूत्री मांगों को लेकर ड्राइवरों ने किया एक दिवसीय सम्मेलन सह धरना व प्रदर्शन

**औरंगाबाद।** 10 सूत्री मांगों को लेकर बिहार ड्राईवर महा संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय सम्मेलन सह धरना व प्रदर्शन का आयोजन मदनपुर प्रखंड के शिवगंज पशु मेला में किया गया। सम्मेलन सह धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मेहता ने की, जबकि संचालन रामेश्वर कुमार रौशन ने किया। सम्मेलन में केन्द्र सरकार के द्वारा बनाए गए ड्राइवरों पर काला कानून के खिलाफ 10 सूत्री मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस धरना व प्रदर्शन कार्यक्रम में जिले भर से हजारों ड्राइवर शामिल हुए। ड्राइवर महा संघ ने धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से मांग किया है कि ड्राइवरों के प्रति बनाए गए काला कानून को निरस्त किया जाए। जन साधारण लोगों द्वारा आक्रोश हो रहे, ड्राइवर समाज का स्वतंत्र धारा किया जाए। ड्राइवर के 55 उम्र होने पर पेंशन योजना लागू की जाए। दुर्घटना के दौरान ड्राइवर की मौत होने पर 50 लाख रुपए, अपंगता होने पर 25 लाख रुपए और घायल होने पर इलाज के लिए 5 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। ड्राइवरों को आवास योजना के तहत 5 लाख रुपए दिया जाए। ड्राइवरों के बच्चों के पढ़ाई लिखाई के लिए उच्च शिक्षा की व्यवस्था की जाए। ड्राइवरों के लाइसेंस बनवाने के लिए शुल्क कम लिया जाए। एक सितंबर को ड्राइवर दिवस घोषित किया जाए तथा ड्राइवरों के ड्यूटी समय और वेतन निर्धारित किया जाए। सम्मेलन सह धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में संघ का जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मेहता, जिला उपाध्यक्ष भीम पासवान, जिला सचिव दिलीप कुमार यादव, उप सचिव शमशेर, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा, जिला मिडिया प्रभारी उपेन्द्र कुमार यादव, सलाहकार शहनवाज आलम, मुकेश कुमार, योगेन्द्र शर्मा, अनिल सिंह तथा जयंत सिंह, अरविंद सिंह, धर्मेन्द्र यादव, धनंजय यादव और नागेन्द्र कुमार शामिल थे।

### नए हिट एंड रन कानून के विरोध में चालकों ने दो घंटे तक एनएच 83 को किया जाम

**मखदुमपुर।** बुधवार को पटना गया राष्ट्रीय राजमार्ग के नेर गांव के समीप हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों ने एक बार फिर सड़क पर उतर कर आंदोलन किया, चालको ने बुधवार को एनएच 83 पटना गया सड़क को जाम कर जमकर हंगामा किया, इस दौरान वाहन चालकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया, चालकों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लाये गए हिट एंड रन कानून एक काला कानून है। जो केंद सरकार नई कानून लाई हैं वो चालको के लिए फांसी के फंदे पर लटकाने जैसा कानून है। इसका विरोध हम लोग कर रहे हैं। वही सड़क जाम रहने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई,जाम में खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे घण्टो फसे रहे, वही सड़क जाम की सूचना पर पहुंची मखदुमपुर थाने की पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बूझकर लगभग दो घण्टे बाद सड़क जाम हटवाया। वही चालको ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार काला कानून वापस नहीं लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### जिला जज ने किया कंबल का वितरण



**जहानाबाद।** नव सेवा श्रम संस्था द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा अधिकार के अध्यक्ष सह जिला जज डॉ. राकेश कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने अपने हाथों से जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि इतनी ठंड है कि इस ठंड में सच में कई ऐसे लोग हैं जिन्हें कंबल की जरूरत होती है और नव सेवा श्रम संस्था के द्वारा उन्हें कंबल मुहैया कराई जा रही है। ये पहल सराहनीय है। वहीं संस्था के संस्थापक अमित कैप्टन ने कहा कि हमारी बस एक छोटी सी पहल है और मकसद है कि हमारे द्वारा कुछ ऐसा किया जाए कि गरीब और जरूरतमंद को कुछ राहत महसूस हो। समारोह में सपना पाठक,नीरज कुमार, गौरव कुमार,शायर निशांत,ममता प्रिया सहित कई लोग शामिल हुए

### 269 जवानों की ट्रेनिग हुई पूरी, पीटीसी लिखित परीक्षा के बाद बनेंगे पदाधिकारी

**औरंगाबाद।** पीटीसी प्रशिक्षण के बाद लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले जवानों की पदोन्नति की जाएंगी। इस संदर्भ में पुलीस कप्तान सह प्राचार्य स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बुधवार को पुलिस केंद्र औरंगाबाद में प्रशिक्षण के अंतिम दिन जरूरी जानकारी और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस कप्तान ने बताया कि पिछले 6 माह से चल रहे प्रमोशनल ट्रेनिग कोर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। इस दौरान जवानों को थाने में लिखित प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। सिरिस्ता डायरी लिखने की विधि, टिप्पणी के तरीके, पर्यवेक्षण रिपोर्ट जैसे लिखित तौर-तरीकों के अलावा फाइल रखने की जानकारी दी गई। पुलिस उपाधीक्षक सह प्रशिक्षण प्रभारी आकाश कुमार यादव ने बताया कि प्रमोशनल ट्रेनिग में पुलिसिंग से जुड़ी सारी बातों की जानकारी जवानों को दी गई जिसका उनके सेवा अवधि में अधिकतर सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ट्रेनिग प्राप्त कर रहे 269 जवानों की ट्रेनिग पूरी हो गई। गुरूवार को नगर भवन में पीटीसी की लिखित परिक्षा आयोजित की गई हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त कराने के उद्देश्य से निर्देशित किया गया है। इसके बाद जवानों को नई जिम्मेदारी प्रदान की जाएगी।

## निर्धारित समय के अंदर करें योजनाओं का काम पूराः डीएम



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गोह प्रखंड अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं का स्थल निरीक्षण बुधवार को औरंगाबाद डीएम श्री श्रीकांत शास्त्री ने किया गोह प्रखंड के गोह पंचायत में क्रियान्वित योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया।इस दौरान गोह में विनोबा बिगहा, तुलसी बिगहा, भवानीपुर, गोह पोखरा, रफीगंज रोड, केवाईपी, जीविका का चल रहा भवन निर्माण, नलजल, पीसीसी सहित अन्य कार्यो का निरीक्षण किया गया। कार्य को गुणवत्ता तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। निर्धारित समय के भीतर योजनाओं को पूर्ण करने को कहा गया, साथ ही पंचायत सरकार भवन में सभी तरह की सुविधा रखने को बताया गया। वही नियमित रूप से स्कूल का संचालन व सरकारी सुविधाओं का लाभ देने को लेकर निर्देशित किया गया।साथ ही पंचायत में जाकर नल जल, नाली गली, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं की जांच की।गोह ग्राम पंचायत में डीएम श्रीकांत शास्त्री, अमारी में डीडीसी अभयेन्द्रमोहन, उपहारा एडीएम ललित भूषण रंजन, बाजार बर्मा एडीएम जयप्रकाश नारायण राम, बेरका सहायक समाहर्ता गौतम कुमार, बर्मा खुर्द में वरीय उप समाहर्ता डॉ फतेह फैयाज, बक्सर में जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश दास आदि के नेतृत्व में योजनाओं का निरीक्षण किया गया।






# अस्पताल में समय से ड्यूटि पर आएं डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी: डीडीसी

- डीडीसी ने किया डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण
- कहा- पानी ही कई रोगों का कारण है, ऐसे में पानी टंकी और पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बुधवार को उप विकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल ने डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई खामियां भी मिली जिन्हें सुधारने का आदेश डीडीसी ने अस्पताल उपाधीक्षक डॉ गिरीश कुमार सिंह को दिया। अस्पताल में संचालित होने वाली ओपीडी में आर्थो, सामान्य विभाग और महिला ओपीडी में डॉक्टर मौजूद रहें। जबकि सोमवार व बुधवार को संचालित अल्ट्रासाउंड कक्ष रोज की तरह 11 बजे के बाद ही खुला। रेडियोलॉजिस्ट प्रेमचंद प्रसाद 11 बजे के बाद ही अस्पताल में दाखिल हुए। डीडीसी ने सबसे पहले अस्पताल की पानी टंकी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पानी ही कई रोगों का कारण है, ऐसे में पानी टंकी और पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मॉनिटरिंग के अभाव में योजनाएं अधूरी

डीडीसी ने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में काम करने की जरूरत है। कहीं भवन क्षतिग्रस्त है, तो कहीं रैंप टूटा हुआ है। भवन को भी मेंटेंनेस की जरूरत हैं। उन्होंने डॉक्टरों तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से समय से अस्पताल आने तथा मरीजों का गुणवत्तापूर्ण इलाज करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने टीबी कक्ष और पैथोलॉजी का भी जायजा लिया और तीन साल के भीतर कितने टीबी के मरीज आए, एचआईवी और संक्रामक के कितने मरीज आए और ऐसे मरीजों का क्या फॉलोअप रहा, इसकी भी जानकारी उपाधीक्षक से मांगी है। डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने बताया कि कई बार मरीजों की पुष्टि होने के बावजूद उनके फॉलोअप की जानकारी न मिलने से सरकार की संचालित स्वास्थ्य योजनाएं अधूरी पड़ जाती हैं।

## अक्सर सुर्खियों में रहता है अनुमंडलीय अस्पताल

बता दें कि डुमरांव का अनुमंडलीय अस्पताल अक्सर सुर्खियों में रहता है। अक्सर यहां मरीज डाक्टरों की लेटलतिफी तथा बेहतर इलाज नहीं करने का आरोप लगाते हैं। जबकि हमेशा यहां डॉक्टरों की कमी बनी रहती है। जिस कारण मरीजों तथा उनके परिजनों को परेशान होना पड़ता है। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के कई बार निरीक्षण करने के बाद भी व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होता है, इसका खामियाजा मरीजों व उनके परिजनों को भुगतना पड़ता है।

## एक नजर

### स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारना है लक्ष्य

**केसठ।** प्रखंड को स्वच्छ व सुंदर बनाने को ले चल रहे लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान के तहत कचरा प्रबंधन से संबंधित बैठक बुधवार को मनरेगा भवन के सभागार में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने किया। बैठक में बीडीओ ने वार्ड सदस्यों व स्वच्छता पर्यवेक्षकों से सरकार की महत्वाकांक्षी लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के सफल संचालन को ले चर्चा किया गया। ताकि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के वार्डो में इसका संचालन सही ढंग से संचालन किया जा सके। इसके बीडीओ ने कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। स्वच्छता शुल्क में कमी पर लोगों को जागरूक करने की अपील की। ताकि इसको सुधारा जा सके। साथ ही वार्ड में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सही तरीके से प्रभावी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी, अयोध्या पासवान, प्रदीप कुमार, डीआरपी राकेश कुमार, बीसी राजीव रंजन, वार्ड सदस्य पशुराम पासवान, सोनू प्रसाद, अमितेश कुमार गुप्ता, मुकुंदजी प्रसाद सहित अन्य वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।

### शतरंज चैंपियनशिप प्रतियोगिता के विजेता बने संतोष



**केसठ।** प्रखंड के नया बाजार में बुधवार को शतरंज चैंपियनशिप 2024 का आयोजन कराया गया। जिसमें फाइनल मुकाबले में संतोष कुमार ने बाजी मारी। इस प्रतियोगिता का नेतृत्व धीरज कुमार एवं शुभम कुमार ने संयुक्त रूप से किया, वहीं संचालन अश्विनी कुमार ने की। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका विवेक कुमार ने निभाई। चेस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों के कुल 32 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी अपनी प्रतिभा दिखाई। केसठ में शतरंज की पहली बार प्रतियोगिता होने से लोगों में काफी उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता के अंतिम चरण के फाइनल मुकाबले में संतोष दुबे विजेता जबकि जमींदार चौधरी उपविजेता बने। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने कप एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के प्रतियोगिता से खिलाड़ियों के प्रतिभा का विकास होगा। अतिथियों ने कहा कि शतरंज मानसिक विकास में सहायक होता है। इस मौके पर राज कुमार, सींटू कुमार, रवि कुमार, रविशंकर, पंकज कुमार, अंकित कुमार, अनीष कुमार, विजय कुमार, शंभु कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### फाइलेरिया के मरीजों को दिया एमएमडीपी कीट

**केसठ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केसठ के सौजन्य से रामपुर पंचायत के स्थानीय गांव में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फाइलेरिया से ग्रसित आठ मरीजों को एमएमडीपी किट वितरण किया गया एवं उनका काउंसलिंग की गई। इस दौरान मरीजों को बताया गया कि इस रोग से लड़ने के लिए आत्मविश्वास की आवश्यकता है। इससे डरने की जरूरत नहीं है। बल्कि आप अपने आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए इस रोग से लड़े। नियमति दवाओं का सेवन करें। दवा लेने में किसी तरह की लापरवाही करने की जरूरत नहीं है। लापरवाही आपके लिए घातक हो सकती है। कांउसलिंग के दौरान मरीजों को बताया गया कि पुनः समय-समय पर आपका टेस्ट किया गया जाएगा। तथा आपको बेहतर सेवा प्रदान की जाएगी। वितरण कार्य बीपीडीएस उपेंद्र पांडे केसठ एवं अविनाश कुमार झा बीसी के द्वारा किया गया एवं काउंसलिंग की गई। जिसमें स्थानीय आशा कार्यकर्ता आरती देवी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान इस मौके पर विद्यावती देवी, प्रभावती देवी, मनकी देवी, सविता देवी, हीरामुनी देवी, जानकी देवी, फुल कुमारी देवी सहित अन्य शामिल रही।

## खबरें फटाफट

### युवती ने फांसी लगा की आत्महत्या

**सिमरी।** तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के नियाजीपुर दुल्लहपुर गांव में बीती रात एक 27 वर्षीय युवती ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। सुबह में जब देर तक उसका दरवाजा नहीं खुला तो घर वालों को आशंका हुई, तब घरवाले दरवाजा खुलवा थक चुके, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। बाद में दरवाजा तोड़ देखा गया तो वह फंदे पर झूल रही थी। तत्काल इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। मृतका की पहचान मदन सिंह की पुत्री वीणा कुमारी के रूप में हुई है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### कोरानसराय में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ होगा

**डुमरांव।** कोरानसराय के पवित्र भूमि पर श्री राधेकीर्तन ब्रम्ह बाबा के तत्वावधान में श्री 108 विराट श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन होगा, जिसमें दर्जनों संत श्रीमद्भागवत कथा का अमृत वर्षा करेंगे। आगामी 16 मार्च से शुरू होकर 22 मार्च तक होने वाले इस महायज्ञ में कथावाचिका अंजली गोस्वामी प्रयागराज सहित अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, हरिद्वार, काशी सहित दर्जनों जगहों के वैदिक संत इस महायज्ञ व सम्मेलन में मौजूद रहेंगे। इसकी जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष महंत श्री दीपक जी महाराज ने दी।

## केसठ में विकास कार्यों व पंचायत सरकार भवन का डीएम ने किया निरीक्षण

# जनता को गांव में सरकारी सुविधा का लाभ दिलाना ही पंचायत भवन का उद्देश्य

- पंचायत सरकार भवन में संचालित आरटीपीएस काउंटर, राजस्व अधिकारी के कार्यालय, जीविका के कार्यो सहित पंचायत से जुड़े अन्य कार्यो का डीएम ने लिया जायजा
- निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि स्वच्छता शुल्क वसूली में कमी है, इस पर संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को इसके प्रति लोगों को जागरूक करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/केसठ**

बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने केसठ पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्थानीय अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ पंचायत सरकार भवन में संचालित आरटीपीएस काउंटर, राजस्व अधिकारी के कार्यालय, जीविका के कार्यो सहित पंचायत से जुड़े अन्य कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत सरकार भवन बनाए जाने का मुख्य उद्देश्य है कि जनता को सारी सुविधाएं नजदीक में मिले। इससे प्रखंड कार्यालय पर दबाव घटेगा और जन-जन तक सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाएं पहुंचाने में आसान होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि स्वच्छता शुल्क वसूली में कमी है। जिसपे संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को इसके प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। पंचायत सरकार भवन के सफाई व सुसज्जित व्यवस्था को देखकर जिलाधिकारी संतुष्ट दिखे। वही जिलाधिकारी ने पंचायत से संबंधित फाइलो को खंगाला। इसके बाद जिलाधिकारी केसठ पंचायत के शिवपुर पश्चिमी पहुंच पंचायत में लगे सोलर लाइट की जानकारी ग्रामीणों से लिया। साथ ही साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए स्वच्छता अभियान में लगे कर्मियों को सहयोग करने की अपील की। पंचायत प्रतिनिधियों से आवश्यक विमर्श कर सरकार प्रायोजित योजनाएं व कार्यो को धरातल पर मजबूती के साथ उतारने को कहा। इस दौरान बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा व केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद यादव उर्फ गामा पहलवान सरपंच दुर्गावती देवी ने जिलाधिकारी को बुकलेट दे सम्मानित किया। मौके पर डीपीआरओ ज्ञान प्रकाश, जिला पंचायत सरकार भवन के नोडल पदाधिकारी ओम प्रकाश, पंचायत राज पदाधिकारी सुनील कुमार, अजय कुमार विक्रांत, संजय बारी सहित अन्य उपस्थित रहे।



### डीएम के जनता दरबार में आए 13 मामले, किया निष्पादन

**बक्सर।** बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 13 मामले आए थे, जिनपर सुनवाई करते हुए डीएम ने कुछ मामलों का निष्पादन किया तो कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को उसकी जांच तथा कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान जनता दरबार में आने वाले अपीलार्थियों ने कई मुद्दों पर डीएम का ध्यान आकृष्ट कराया। डीएम ने लोगों से कहां कि वे अपनी फरियाद लेकर स्वयं आए। सबके मामलों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता दरबार के नियमित आयोजन से लोगों को बड़ा लाभ मिल रहा है।

### स्वच्छ व सुंदर गांव बनाने में सहयोग करें ग्रामीण

केसठ में पंचायत सरकार भवन तथा योजनाओं का निरीक्षण के दौरान डीएम ने वहां मौजूद ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक भी किया। डीएम ने कहा कि गांवों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए ही बिहार सरकार ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के दूसरे फेज में गांवों में डोर टू डोर कचरा उठाव शुरू कराया है। लाखों रूपए खर्च कर वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कराया जा रहा है, ताकी हमारा गांव स्वच्छ व सुंदर बने। उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी है कि ग्रामीण भी इस अभियान में सरकार, प्रशासन तथा स्वच्छता अभियान में लगे सफाईकर्मियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को आदत में शुमार कर हम अपने गांव को सुंदर तथा समाज को स्वस्थ्य बना सकते है। डीएम ने इस दौरान लोगों को नियमित रूप से कचरा इकट्ठा कर उसे डोर टू डोर कचरा उठाव करने आने वाले सफाईकर्मियों को देने तथा इसके लिए निर्धारित शुल्क का समय से भुगतान करने की अपील ग्रामीणों से की। ग्रामीणों ने डीएम के सुर में सुर मिलते हुए स्वच्छता अभियान में सहभागी बनने तथा निर्धारित शुल्क देने की बात कही।

# चौगाईं प्रखंड प्रमुख पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज

**केटी न्यूज/चौगाईं**



चौगाईं के प्रखंड प्रमुख ऋषिकांत सिंह के खिलाफ सदस्यों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बुधवार को खारिज हो गया है। इसके साथ ही अब वे निर्धारित समय तक प्रमुख बने रहेंगे। बता दें कि उनके खिलाफ सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जिस पर आरोप लगाया गया था कि प्रमुख बीडीसी सदस्यों से तालमेल नहीं रखते है तथा विकास व स्वच्छता अभियान में भेदभाव करते है। जिस कारण सदस्यों में उनके खिलाफ आक्रोश था।

सदस्यों ने बताया था कि प्रमुख स्वच्छता अभियान में भी उन्हें सहभागी नहीं बनाते है। इसकी अगुवाई बीडीसी मनसा देवी ने की थी। बुधवार को इस अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा तथा मतविभाजन कराया जाना था। निर्धारित समय पर निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ तेज बहादूर सुमन मौजूद हो गए थे। लेकिन दोपहर के 11 बजे से 2 बजे तक एक भी बीडीसी सदस्य नहीं आए। जिसके बाद बीडीओ ने इसे खारिज कर दिया। वही गुरूवार को उप प्रमुख राहुल मेहता के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा तथा मतविभाजन कराया जाएगा। लेकिन सूत्रों की मानें तो उप प्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का हश्र भी प्रमुख वाला ही होने जा रहा है। इसके पहले नावानगर व केसठ प्रखंडों के प्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के मतविभाजन में सदस्य उपस्थित नहीं हुए थे। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है। वही प्रखंड की राजनीति के जानकारों की मानें तो सत्ता पक्ष जानबूझकर अविश्वास प्रस्ताव ला रहा है, ताकी पूरे कार्यकाल उनकी कुर्सी सुरक्षित रहे। बीडीओ तेज बहादूर सुमन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बीडीसी सदस्यों के उपस्थित नहीं होने से अविश्वास प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है।

## केसठ उप प्रमुख पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव भी खारिज

**केसठ।** केसठ उप प्रमुख के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बुधवार को खारिज हो गया। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सदस्य भी मतविभाजन के दौरान उनुपस्थित रहे। जिसके बाद नियमों के मुताबिक बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने इसे खारिज कर दिया। ज्ञात हो की 30 दिसम्बर को पंचायत समिति सदस्यों ने उप प्रमुख पर विभिन्न आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाया था। खुद प्रमुख ने ही यह अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जिस पर कुल तीन सदस्यों का हस्ताक्षर भी था। बुधवार को इस पर चर्चा तथा मतविभाजन के लिए बैठक बुलाई गई थी। बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि बैठक में एक भी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित नही हुए।

## रघुनाथपुर में अयोध्या की तर्ज पर होगा भव्य रामोत्सव

**ब्रह्मपुर।** अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्सव का माहौल है। यह पूरे सनातन धर्मावलंबियों के लिए गौरव का दिन है। उक्त बातें बुधवार को रघुनाथपुर में तुलसी विचार मंच के बैनर तले आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहीं। समाजसेवी शैलेश ओझा ने कहा कि प्रभु श्रीराम का रघुनाथपुर से गहरा संबंध है। रघुनाथपुर का नामकरण प्रभु श्रीराम के नाम पर गोस्वामी तुलसीदास जी ने किया था। प्रभु श्रीराम के जीवन दर्शन को जन जन तक लाने वाले रामचरित मानस के कुछ अंश की रचना भी तुलसी दास ने रघुनाथपुर प्रवास के दौरान की थी। रघुनाथपुर का तुलसी चबुतरा इसका प्रमाण है। बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या की तर्ज पर भव्य रामोत्सव का निर्णय लिया गया। 21 जनवरी को अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन होगा।




## नगर भवन में 25 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों का हुआ चुनाव, सदस्यों ने चुनी प्रबंध कार्यकारिणी

# सुरेश अग्रवाल रेडक्रॉस के चेयरमैन, डॉ. श्रवण तिवारी बने सचिव

**केटी न्यूज/बक्सर**



बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रेडक्रास बक्सर की नई कार्यसमिति व प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। 25 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव नगर भवन में निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में हुआ। उसके बाद सभी निर्वाचित सदस्यों ने समाहरणालय पहुंच डीएम के सामने नई प्रबंधकार्यकारिणी का चुनाव किया। जिसमें सुरेश अग्रवाल को चेयरमैन चुना गया। वहीं डा. श्रवण कुमार तिवारी सचिव के पद पर फिर से चुने गए। इसके अलावे प्रबंध कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर सौरभ तिवारी को, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल को चुना गया। चुनाव के दौरान गहमागहमी बनी रही तथा पूर्व कार्यकारी चेयरमैन डॉ. आशुतोष सिंह ने इस चुनाव पर सवाल खड़ा किया और कहा कि कई सदस्यों को मताधिकार से वंचित किया गया है। हालांकि इस चुनाव में उनकी एक न चली तथा वे अपने पैनल के कार्यकारिणी सदस्यों तक को नहीं जितवा पाए। अंत में डीएम ने सभी नव निर्वाचित प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। सभी ने पीड़ित मानवता की सेवा का संकल्प लिया। रेडक्रास के इस चुनाव के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार, एएसडीएम दीपक कुमार, सदर बीडीओ रोहित मिश्र, सदर अंचल की सीओ समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। नई कार्यकारिणी में पुराने चेहरों के साथ ही इस बार कई नयें व युवा चेहरे भी आए है। जिससे इस बार रेडक्रास का कार्य पहले से बेहतर होने की उम्मीद जगी है। बता दें कि रेडक्रास सोसायटी आपदा के समय पीड़ित मानवता की सेवा में तत्पर रहता है।



# 12 जनवरी को होगा अभ्युत्थानम 2024 का आयोजनः मानवेन्द्र सिंह

♦ संघ हमारे आराध्य भगवान भोलेनाथ के मूल स्थल कैलाश मानसरोवर को अपना हिस्सा बनने के लिए कटिबद्ध है

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

कैलाश मानसरोवर एवं तिब्बत की पूर्ण स्वतंत्रता के लिए गठित भारत-तिब्बत समन्वय संघ अपने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या 12 जनवरी को अभ्युत्थानम 2024 का आयोजन जिला मुख्यालय गाजीपुर में करेगा। भारत तिब्बत समन्वय संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मानवेंद्र सिंह मानव ने बुधवार को प्रकाश नगर स्थित अतिथि कांटिनेंटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि संघ अपने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर अभ्युत्थानम 2024 का आयोजन करने जा रहा है। मानवेंद्र ने इसकी स्थापना पर प्रकाश डालते हुआ कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चौथे सरसंघचालक प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया के निर्देश पर चीन की क्रूरता से तिब्बत को बचाने के लिए भारत तिब्बत समन्वय संघ की स्थापना की गई। भारत तिब्बत समन्वय संघ के आद्य प्रणेता परम पूजनीय प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया एवं परम पावन दलाई लामा जी हैं। दुष्ट चीन को सबक सिखाने के लिए चीनी वस्तुओं का बहिष्कार सबसे सशक्त माध्यम है। राजेंद्र सिंह ने बताया कि संघ के तीस प्रस्तावों में से एक प्रमुख प्रस्ताव बाबा अमरनाथ की यात्रा अवधि बढ़ाए जाने की थी जिसे इस गाजीपुर के माटी के लाल, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जी ने पूर्ण किया, भारत तिब्बत समन्वय संघ महामहिम का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता है। प्रेस कांफ्रेंस में जिला अध्यक्ष सुधाकर सिंह ने बताया कि संघ हमारे आराध्य भगवान भोलेनाथ के मूल स्थल कैलाश मानसरोवर को अपना हिस्सा बनने के लिए कटिबद्ध है। चीन की क्रूरता से तिब्बत एवं भगवान शिव के मूल स्थान कैलाश मानसरोवर को बचाने के लिए आक्रामक एवं रणनीतिक रूप से कार्य करने के लिए भारत तिब्बत समन्वय संघ की स्थापना की गई। इसके मूल उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह संघ पूरे देश चीन की क्रूरता एवं कैलाश मानसरोवर के प्रति जन जागरूकता पैदा करने के लिए संघ कटिबद्ध है। संरक्षक डॉ. डीपी सिंह ने कहा कि अभ्युत्थानम 2024 के माध्यम से हम संघ के चारों विभाग बाल, युवा,महिला और मूल में नवदायित्व प्राप्त पदाधिकारियों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध व्यक्तियों तथा संत समाज को संघ की कार्य प्रणाली से परिचित कराते हुए आगे के रणनीति को तय करेंगे। कि कैसे हम अपने मूल उद्देश्य को यथाशीघ्र प्राप्त कर लेंगे और भगवान शिव के मूल स्थान कैलाश मानसरोवर को भारत का अभिन्न अंग बना लेंगे। सौम्य प्रकाश बरनवाल ने कहा कि भगवान भोले की मुक्ति के लिए युवा देश में नई चेतना पैदा करेगा।



मातमी धुन के बीच कई राउंड फायर कर व सलामी देकर दी गई अंतिम विदाई

# सीआरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर संतोष का तिरंगे में लिपटा शव पहुंचा गांव

♦ शव देखते ही चीत्कार उठे परिजन, गांव में शोक व सन्नाटा

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

सुहवल थाने के ढढनी रणवीर राय निवासी तथा झारखंड स्थित चक्रधरपुर सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन में सब-इंस्पेक्टर पद पर तैनात संतोष कुमार राय (55) का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर बुधवार की सुबह गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। घटना के बाद से ही परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल था। जबकि गांव में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ है। पार्थिव शरीर आने की सूचना मिलते ही लोगों को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। उनका अंतिम दाह संस्कार गाजीपुर शमशान घाट पर किया गया। उनके बड़े पुत्र ध्रुव कुमार राय के मुखाग्नि देते ही माहौल गमगीन हो उठा।

इस दौरान पार्थिव शरीर के साथ आए जवानों एवं सीआरपीएफ 95 बटालियन वाराणसी के दर्जनों सशस्त्र जवानों ने सहायक कमांडेंट सुजय कुमार यादव के नेतृत्व में मृत जवान को मातमी धून के बीच हवा में कई राउंड फायर कर एवं सलामी देकर अंतिम विदाई दी गई।



अंतिम यात्रा के दौरान जब तक सूरज चांद रहेगा.., आदि नारे गूंजते रहे। मृतक के शव को जो भी देखने के लिए उनके घर आ रहा था। सभी की आंखें नम हो जा रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि वह काफी मिलनसार व्यक्तिथे। नौकरी के दौरान जब भी वह गांव आते थे। सभी के साथ मिलते जुलते थे। बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते रहते थे। उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी याद में कोई न कोई स्मृति चिन्ह बनाने का प्रयास किया जाएगा। मृतक सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक के बडे पुत्र ध्रुव कुमार राय ने विलखते हुए बताया कि उसके पिता बीते मंगलवार की भोर में अपने ड्यूटी जाने के लिए स्नान कर पूजा कर रहे थे कि अचानक उनके सीने में तेज दर्द होने लगा। इसकी सूचना पाकर अन्य साथी उन्हें तुरंत वाहन से अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बड़े पुत्र ने बताया कि इसकी सूचना उसी दिन सुबह नौ बजे उनकी बटालियन सीआरपीएफ के अधिकारियों के द्वारा फोन से मिली।

पुत्र ने बताया कि वह अभी बीते नवंबर महीने में छुट्टी आए थे। बताया कि उसके पिता क्रिकेट व वालीबाल के भी काफी शौकीन थे। पिता कि अभी करीब तीन साल नौकरी शेष बची थी। उसकी मां सत्यभामा राय गृहणी है। ध्रुव कुमार राय ने बताया कि वह खुद दो भाईयों में बड़े हैं। जबकि अनूप कुमार राय छोटा है। दोनों भाई बैंक में नौकरी करते हैं। इस अवसर पर सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर बीके तिवारी, उप-निरीक्षक ज्ञानेश्वर सिंह,भाजपा मंडल महामंत्री अरविन्द राय, सतीश राय, बाबूचंद यादव, राजू राय, जितेन्द्र पटेल, अरविन्द यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के विरोध किया प्रदर्शन

**चंदौली।** जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को सदर तहसील स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी पार्क में भाजपा सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने जमकर नारेबाजी की। वहीं राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से भेजा, साथ ही प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बीएचयू की छात्रा आईआईटी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को कड़ी सजा दिलाए जाने और महिलाओं के साथ आएदिन हो रहे आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाए जाने की मांग किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि आज पूरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है। अपराधी बेखौफ होकर दिन प्रतिदिन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।एनसीआरबी रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के प्रति अपराधों के मामलों में भारत में पहले स्थान पर है। इसी रिपोर्ट के अनुसार भारत में होने वाले 15 फीसद अपराध उत्तर प्रदेश में होते हैं। कहा कि बीते दो नवंबर को बीएचयू की छात्रा की तीन भाजपा के युवाओं ने बेखौफ होकर गन प्वाइंट पर नग्न वीडियो बनाया। उसके साथ दुष्कर्म किया। उनकी पहचान होने के बावजूद उन्हें ब्मध्य प्रदेश चुनाव प्रचार में भेजा गया। यही नहीं आरोपियों की पहचान के बाद उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया।

# शटर तोड़ कर घर में घुसे बदमाशों ने पिता पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**केटी न्यूज/ चंदौली**

थाना क्षेत्र के पचफेड़वा गांव के समीप नकाबपोश एक दर्जन बदमाशों ने डकैती की नियत से घर में लगा शटर तोड़कर घर में घुसकर मकान मालिक पिता पुत्र को मारपीट लहुलुहान कर दिया। पुत्र द्वारा एक कमरे में बंद होकर आसपास के लोगों को फोन करने व जागरण होने के बाद बदमाश भाग खड़े हुए। अलीनगर थाना क्षेत्र के पचपेड़वा गांव के समीप चंद्रभूषण केसरी की नेशनल हाईवे किनारे दुकान व दूसरे मंजिले पर निवास है।

मंगलवार की देर रात नकाबपोश एक दर्जन बदमाश चंद्रभूषण केसरी 65 वर्ष के घर का शटर तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश कर गये। खटपट की आवाज सुनकर चंद्रभूषण ने दूसरे मंजिले से ही आवाज लगाई तो आधा दर्जन बदमाशों ने पहुंचकर असलहा के नोक पर मारपीट कर लहालुहान कर दिया। इनकी पत्नी कलावती ने शोर शराबा शुरू किया तो कमरे में सो रहा पुत्र प्रिंस बाहर निकला तो उसे पर भी बदमाश टूट पड़े। जिससे प्रिंस 35 वर्ष भी चोटिल हो गया। किसी प्रकार प्रिंस ने जान बचाकर अपने कमरे में घुसकर अंदर से दरवाजा बंद कर आसपास के लोगों को फोन करना शुरू किया।



आसपास के लोगों के जागने की जानकारी जैसे ही बदमाशों को हुई। आनन फानन में भाग खड़े हुए। तब तक आसपास के काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं घायलों को एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जिसमें पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि पुत्र आंशिक रूप से चोटिल है। बुधवार को मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी विनय प्रताप सिंह, सीओ अनिरूद्ध सिंह के अलावा एसपी ने फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड के अलावा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गए इस संबंध में पूछे जाने पर एसपी ने बताया कि घटना के पदार्फाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही घटना का सफल अनावरण किया जाएगा।

# जेल के अंदर मिली विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिका, मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/ जौनपुर**

उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर जिले में जेल के अंदर विश्वविद्यालय की कपड़े में लिपटी उत्तर पुस्तिका शीट जेल के अंदर जेल अधीक्षक को मिलने के बाद जेल प्रशासन व जौनपुर विश्वविद्यालय सहित पूरे जिले में खलबली मच गई। जेल के अंदर जेल अधीक्षक व जेलर को कपड़े में लिप्त उत्तर पुस्तिका मिलने के बाद जेल प्रशासन द्वारा थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा-(406)के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जेल के अंदर उत्तर पुस्तिका मिलने के बाद जौनपुर विश्वविद्यालय पर भी सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। फिलहाल पुलिस मामले में जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई करने में जुटी हुई है। पूरा मामला यह है कि मंगलवार को जेल अधीक्षक एसके पांडेय व प्रभारी जेलर धर्मेंद्र सिंह राउंड पर थे तभी बैरक नंबर 10 के पास कपड़े में लिपटी हुई पूर्वांचल विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिका मिली, जिस पर तिलकधारी सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय का नाम है और विद्यार्थी का नाम सेजल उपाध्याय पुत्र सुनील उपाध्याय अंकित है।



उत्तर पुस्तिका पर 14-09-2022 की तारीख लिखी है। जेल प्रशासन के अनुसार उत्तर पुस्तिका में दिए गए प्रश्नों को जांचा भी नही गया है। जेल प्रशासन का मानना है कि उक्त उत्तर पुस्तिका रद्दी के रूप में किसी मुलाकाती परिजन के द्वारा लायी थी। इस मामले में जेल प्रशासन ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर थाना लाइन बाजार में मुकदमा दर्ज कराया है।

जिलाधिकारी ने किया जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमिटी व गोआश्रय स्थलों के निर्माण व गोवंश समिति की समीक्षा बैठक

# शासन की मंशा व जनहित के अनुरूप कार्य करें अधिकारी-कर्मचारीः डीएम

**केटी न्यूज/ चंदौली**

जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी एवं गोआश्रय स्थलों के निर्माण व गोवंश समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करें नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। वहीं स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान सभी बिंदुओं पर निराशाजनक प्रगति पर नाराजगी जताई। इस दौरान जिलाधिकारी ने माह के अंत तक सभी बिंदुओं पर कार्य पूर्ण करते हुए जियो टैगिंग कर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिया। ऐसा नही करने पर संबंधित के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शौचालय से निकलने वाला गंदा पानी सीधे नाली में न बहने पाए। उसके लिए सोख्ता गढ्ढे का निर्माण कर उस गंदे पानी का निस्तारण सोख्ता गढ्ढे के माध्यम से करें। इसके लिए लोगो के बीच जाकर जन जागरूकता का अभियान चला कर तथा अन्य माध्यमों से लोगों को जागृत करें,ताकि सभी लोग सोख्ता गढ्ढे का निर्माण कराएं। क्योंकि यह गंदा पानी अगर सीधे नालियों से होकर तालाबों में जाकर गिरता है तो वह जल श्रोतो के मध्यम से हमारे पेयजल में घुल जाएगा,जिसके कारण अनेक प्रकार की बिमारिया उत्पन्न होती है। जिलाधिकारी ने सड़कों पर घूम रहे गोवंशों को पकड़ कर गोआश्रय स्थलों में पहुंचाने की धीमी प्रगति पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये फटकार लगाई।



इस संबंध में जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ एवं पशु चिकित्सा धिकारी को संयुक्त कार्यवाही करने साथ सप्ताह में दो दिन अपने क्षेत्र में स्थापित गौशालाओं का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिया।

## खबरें फटाफट

### शौच करने जा रहे युवक से मारपीट

**गड़वार।** थाना क्षेत्र के नारायनपाली गांव में बदमाशों ने बुधवार की सुबह एक युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतसड़ पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नारायनपाली गांव निवासी धनु कुमार पुत्र भगवान बुधवार को शौच करने के लिए जा रहा था। पीड़ित के मुताबिक इस दौरान गांव के कुछ बदमाशों के साथ पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद बदमाशों ने मारपीट कर धनु कुमार को घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने घायल धनु कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतसड़ पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### दुष्कर्म के आरोपियों को आजीवन कारावास

**बलिया।** नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बुधवार की शाम तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ तीनों आरोपियों पर 60—60 हजार रूपए के अर्थदंड भी लगाए गए। तीनों आरोपियों का नाम श्रवण राजभर पुत्र शम्भु राजभर, सन्तोष राजभर पुत्र भरत राजभर व शमशेर राजभर पुत्र जवाहर राजभर समस्त निवासीगण ग्राम रतसड़ कला थाना गड़वार है। तीनों आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2020 में गड़वार थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद न्यायालय में सुनवाई शुरू हुई। पुलिस द्वारा मामले में चार्जशीट प्रस्तुत किया गया। साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन करने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 60—60 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### कृषि उपकरणों के लिए चयन 12 जनवरी को

**मऊ।** उप कृषि निदेशक सत्येंद्र सिंह चौहान द्वारा जनपद के समस्त किसानों को सूचित किया करते हुए कहा है कि जिन्होंने कृषि विभाग के पोर्टल से रू० दस हजार से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रों/कृषि रक्षा उपकरणों, कस्टम हायरिंग सेन्टर, एवं स्माल गोदामों आदि की बुकिंग किया है, उनका चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यकारी समिति के समक्ष दिनांक 12 जनवरी 2024 को नगर पालिका कम्यूनिटी हाल (निकट पुलिस अधीक्षक कार्यालय) में ई-लाटरी के माध्यम से सम्पन्न किया जायेगा, जिसमें समस्त आवेदनकर्ता कृषकों की उपस्थिति अनिवार्य है। बुकिंग करने वाले कृषक की अनुपस्थिति में उपस्थित कृषकों एवं समिति के द्वारा ई-लाटरी के माध्यम से चयनित लाभार्थियों के नाम से सहमत माना जायेगा एवं उन्हें कोई आपत्ति नहीं है ऐसा मानकर प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। इसमें अधिक से अधिक किसानों को हिस्सा लेने की अपील की गई है।

## एक नजर

### अवैध पत्थर लदे ट्रक को वन विभाग ने किया सीज

**चंदौली।** कोतवाली क्षेत्र के ललमनियां पहाड़ी से बुधवार को अवैध पत्थर लदे ट्रक को उड़ान दस्ता काशी वन्य जीव प्रभाग पश्चिमी क्षेत्र कानपुर की टीम ने पहाड़ी को घेराबंदी कर ट्रक को अपने कब्जे में लेकर सीज कर दिया। काशी वन्य जीव प्रभाग अंतर्गत चंद्रप्रभा रेंज के प्रतिबंधित गनेशपुर, ललमनिया पहाड़ियों पर अवैध खनन और वन क्षेत्र अधिकारी विनोद पांडे हाल ही में खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई किए थे और खनन माफियाओं ने उनके ऊपर जानलेवा हमला को लेकर नवागत डीएफओ दिलीप श्रीवास्तव के निर्देश पर काशी वन्य जीव प्रभाव (पश्चिम क्षेत्र कानपुर) के प्रभारी संतोष राय व टीम ने अपने लाव लश्कर के साथ मौके पर पहुंचे। तो यह देख ट्रक ड्राइवर और खनन माफिया ट्रक पर पत्थर लेकर जाने की फिराक में थे, पर संतोष राय की टीम ने ट्रक को घिराबंदी कर अपने कब्जे में ले लिया और डिवीजन कार्यालय रामनगर में ले जाकर ट्रक को सीज कर दिया यह सूचना मिलते ही खनन माफियाओं में दहशत मच गया। पकड़ी गई ट्रक पर लदा पत्थर पटिया को भारतीय अधिनियम के तहत संपत्ति घोषित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी। टीम में वन दरोगा अखिलेश चौबे, मोहम्मद मुस्ताक,वनरक्षक संजीव कुमार भारती आदि कर्मी शामिल थे

### ईवीएम के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**बलिया।** ईवीएम के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा के सदस्यों ने बुधवार की दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान सदस्यों ने ईवीएम मशीन से लोकसभा चुनाव न कराने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि बीजेपी मतदाताओं के साथ धोखा कर रही है और मतों में हेर-फेर करके सरकार बना रही है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए बैलेट पेपर से लोकसभा चुनाव कराया जाना चाहिए। ईवीएम को हैक किया जाता है। जिससे मतदान शुचिता पर सवाल उठ रहा है। संविधान की रक्षा के लिए बैलेट पेपर से चुनाव होना चाहिए। कहा कि ईवीएम के इस्तेमाल से लोकतंत्र की हत्या हो रही है। ईवीएम के साथ छेड़छाड़ करके सत्ता में काबिज दल जनता को छलने का काम कर रहे हैं। कहा कि ईवीएम से मतदाता वोट किसी और को देना चाहता हैं, लेकिन वोट किसी ओर को पड़ रहा है। कहा कि बैलेट पेपर से सही मतदान होता है और मतगणना के दौरान सही गिनती भी देखने को मिलती है। जनता और देश के हित में बैलेट पेपर से मतदान का होना बहुत जरूरी है।

### पूजित अक्षत कलश के साथ शोभायात्रा निकाली

**गाजीपुर।** रेवतीपुर गांव में बुधवार को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बजरंग दल के जिला सहसंयोजक शिवम चौबे के नेतृत्व में भारी संख्या में लोगों ने पूजित अक्षत कलश के साथ शोभा यात्रा निकालकर घर-घर अक्षत का वितरण करते हुए लोगों को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। यह अक्षत कलश शोभायात्रा पूरे गांव सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए संपन्न हुई। इस दौरान छोटे छोटे बच्चे, सहित बुजुर्ग ढोल नगाडे पर कीर्तन करते हुए जय श्रीराम का जयघोष लगा रहे थे। सनातनियों से एकजुट होने का आह्वान किया। बजरंग दल के जिला सहसंयोजक शिवम चौबे ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की धूम समस्त गांव ,प्रदेश व देश ही नहीं पूरे विश्व जगत में इसकी धूम है। चहुंओर लोगों में इसको लेकर हर्षोल्लास है। इस दौरान उन्होंने श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन हर गांव के मंदिरों और अपने अपने घरों में दिवाली की तरह उत्सव मनाने का लोगों से आग्रह किया। इस अवसर पर जगत नारायण राय, गौतम राय, मृत्युंजय, पवन, शिवम ओझा, उपेंद्र गुप्ता, रोहित जायसवाल, बाल मुकुंद पांडेय, विशाल उपाध्याय, मयंक राय, इंद्रजीत यादव, गोल्डन यादव आदि बडे पैमाने पर लोग मौजूद रहे।

### आचार्य प्रमोद ने स्वामी प्रसाद मौर्य पर साधा निशाना

**जौनपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन एक कार्यक्रम में पहुंचे जौनपुर और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। आचार्य बोले अखिलेश यादव स्वामी प्रसाद मौर्या से डरते है,नेता जी मुलायम सिंह ने जो पार्टी गरीबो,किसानों व वंचितों के हित के लिए बनाई थी उसको बर्बाद करने की सुपारी ले रखी है स्वामी प्रसाद ने अखिलेश यादव व स्वामी प्रसाद की जो कहानी है वह टीवी सीरियल बिक्रम बेताल जैसी है। स्वामी प्रसाद का भूत अखिलेश यादव के ऊपर चढ़ गया है। यह भूत अब उतर नहीं रहा है। इसका खामियाजा उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा। चाहे डिंपल कुछ कहे, शिवपाल यादव कहे या प्रोफेसर साहब कुछ कहे यह भूत अब नही उतरने वाला है। यह पार्टी का बर्बाद करके ही मानेगें। समय बीत जाने के बाद समझ में आना यह कहीं भी समझदारी नहीं है। बल्कि पार्टी की बर्बादी है। स्वामी प्रसाद मौर्या भाजपा के लिए काम कर रहे हैभगवान श्रीराम के मंदिर उद्घाटन का निमंत्रण किसी को भी मिले उसको ठुकराना नहीं चाहिए। यह तो परम सौभाग्य है। यह जनमानस की भावना है। जनता से जुड़ाव है। आचार्य बोले अखिलेश यादव को प्रयाश्चित करने का एक मौका मिला था वह भी उन्होंने गवां दिया। भगवान भला करे राम जी कृपा करें।

